तापमान

अधिकतम 36 .5 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, सोमवार, 15 सितंबर 2025



11 प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएगा तो आमजन को मिलेगा बेहतर वातावरण



12 रेवाड़ी में फेंसिंग और योगा के राज्य स्तरीय मुकाबले कल से ..




## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे के आरोपी चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना खोल पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 17 अगस्त को हुए हादसे में महेंद्रगढ़ के भड़फ निवासी ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया था। चालक मौके से फरार होने में कामयाब हो गया था। पुलिस ने 18 अगस्त को दर्ज मामले में महेंद्रगढ़ के खरखड़ा बास निवासी मुकेश को गिरफ्तार किसा है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामलों में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल मेंउपचाराधीन घायल के बयान पर 9 सितंबर को मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने उत्तम नगर निवासी रणजीत को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### हत्या का आरोपी तफ्तीश में शामिल

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने हत्या के आरोपी को तफ्तीश में शामिल किया है। पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में 21 सितंबर 2018 को केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। मामले के एक आरोपी कालूवास निवासी आशीष को बाद में हाईकोर्ट से जमानत मिल गई थी। पुलिस ने उसे तफ्तीश में शामिल किया है। बाद में आरोपी को मुचलके के आधार पर छोड़ दिया। इस मामले के अन्य आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था।

### सुरेंद्र वशिष्ठ बने सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन

**रेवाड़ी।** पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान एवं राष्ट्रीय व्यापार सेवा संघ हरियाणा प्रदेश महासचिव सुरेंद्र वशिष्ठ को सीएम विंडो का एमिनेंट पर्सन नियुक्त किया गया है। सुरेंद्र वशिष्ठ ने अपनी इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडोली, सांसद राव इंद्रजीत सिंह तथा भाजपा जिला अध्यक्ष डा. वंदना पोपली का आभार व्यक्त किया है। वे इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा और समर्पण भाव से निभाएंगे। सुरेंद्र वशिष्ठ ने मास्टर ऑफ सोशल वर्क की शिक्षा प्राप्त की है। वे वर्षों से समाजसेवा, व्यापारिक हितों की रक्षा और सार्वजनिक कल्याणकारी कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनकी नियुक्ति से जिले के नागरिकों और व्यापारियों में खुशी की लहर है। सुरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि प्रशासन और समाज के बीच तालमेल बढ़ाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी।



सुरेन्द्र वशिष्ठ।

### रेवाड़ी में निरंकारी संत समागम 17 को

**रेवाड़ी।** निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज के आशीर्वाद से 17 सितंबर को रेवाड़ी में भव्य निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जाएगा। यह समागम निरंकारी राजपिता रमित की पावन हुजूरी में सम्पन्न होगा। समागम शाम 6 बजे से नौ बजे तक रहेगा। जिले के संयोजक महात्मा हरीश कुमार ने बताया कि समागम की तैयारियां आरंभ कर दी गई है। निरंकारी मिशन का मूल लक्ष्य ब्रह्म की प्राप्ति-भ्रम की समाप्ति है। उन्होंने कहा कि मिशन एकत्व का संदेश दे रहा है। एक को जानों, एक को मानों और एक हो जाओ के माध्यम से ही समाज में एकत्व की भावना बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने बताया कि समागम बावल रोड स्थित डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के पीछे हुडा मैदान में आयोजित किया जाएगा।

## शहर में कई भवनों की दीवारों में फैल रही पेड़ों की जड़ें

# खतरनाक साबित हो सकते भवनों पर बढ़ रहे पेड़, प्रशासन को हादसे का इंतजार

- नाईवाली पुल, ऐतिहासिक गेट व शौचालय की दीवारें गिरने का बढ़ रहा खतरा

हेमंत शर्मा ▶▶| रेवाड़ी

पर्यावरण को प्रदूषण के खतरों से बचाने के लिए पेड़ों का बड़ा योगदान है। बरसात के मौसम में चारों ओर अधिक से अधिक पौधे लगाने का संदेश दिया जा रहा है। मानसून सीजन में लोग बड़ी संख्या में पौधारोपण करते है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि गलत जगह पर खुद पनपने वाले पौधे पेड़ बनकर भवनों को जर्जर बनाने का काम रहे हैं, जिनसे हमेशा जानलेवा हादसों की आशंका बन रही है। 22 अगस्त 2023 को भाड़ावास गेट पर पौधे ने पेड़ का रूप लेते ही एक व्यक्ति को मौत की नींद सुला दिया था और दो साल बाद भी भाड़ावास गेट के ऊपर से पेड़ हटाया नहीं गया है। यहां तक कि ऐतिहासिक गोकल गेट व दिली गेट सहित कई सरकारी और निजी भवनों पर उगे पौधे पेड़ बनकर इन भवनों को कमजोर कर रहे हैं, जिससे आने वाले समय में यह हादसों का सबब साबित हो सकते हैं। शहर के कई भवनों पर खड़े पेड़ इस बात का संकेत दे रहे है कि आने वाले समय में अगर इन्हें नहीं काटा गया, तो यह जानलेवा भी साबित हो सकते हैं। प्राचीन धरोहरों, स्कूलों, निजी भवनों व सचिवालय में भी दीवार पर पेड़ खड़े हो गए हैं। अगस्त 2023 में हुए हादसे से सबक लेकर भी प्रशासन इनकी कटाई नहीं करा रहा है। पौधे से पेड़ बनने के बाद यह भवनों को कमजोर करने का काम कर रहे हैं। पीपल व दूसरे पेड़ों की जड़ें काफी लंबी और मजबूत होती हैं। इन पेड़ों की जड़ें दीवारों और छतों को क्षतिग्रस्त कर देती हैं।





रेवाड़ी। नाईवाली ओवरब्रिज की दीवार में बढ़ता जा रहा पेड़, भाड़ावास गेट के ऊपर बढ़ रहा पेड़। फोटो :हरिभूमि

### इन भवनों की दीवारों पर पेड़ बने आफत

भाड़ावास गेट की तरह प्राचीन गोकल गेट व दिल्ली गेट के ऊपर भी पौधे पेड़ बनकर बढ़ते जा रहे है। राव तुलाराम पार्क की साइड में नाईवाली ओवरब्रिज की दीवार पर ऊगा पौधा पेड़ बनकर सड़क पर झुकता जा रहा है। इसके अलावा गोकल गेट के पास स्थित शौचालय के बीच में भारी-भरकम पेड़ दीवारों में दरार डालता जा रहा है। यहां तक की पेड़ की जड़े दीवार से निकलकर आरपार हो चुकी है।

### पुरानी हवेलियों पर नहीं दे रहे ध्यान

शहर के करीब प्रत्येक मोहल्ले में जर्जर हवेलियां हैं, जोकि बरसात के समय कभी भी भरभराकर गिरकर बड़े हादसे को अंजाम दे सकती हैं। इनके आसपास रहने वाले लोगों में हर समय डर का साया बना रहता है। नगर परिषद की ओर से इन हवेलियों के मालिकों को पूर्व में भी सेक्शन-120 के नोटिस भी दिए थे, लेकिन कार्रवाई के नाम पर कुछ निकल कर नहीं आया। शहर में कायस्थवाड़ा, पुरानी तहसील, मोहल्ला बास सिताबराय व मुक्तिवाड़ा में कई बार जर्जर हवेलियों का मलबा भी गिर चुका है।

### गोकल गेट के ऊपर बढ़ रहा पेड़





गोकल गेट के पास शौचालय के बीच में पेड़, शौचालय के पेड़ की दीवार से निकली जड़ें।

## चोरी की गई स्कूटी के साथ एक आरोपी काबू

- पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई स्कूटी को बरामद कर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जगन गेट चौकी पुलिस ने स्कूटी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मोहल्ला बड़ा तालाब निवासी जतिन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई स्कूटी को बरामद कर लिया है। मोहल्ला नालबंदा निवासी देवराज पोपली ने 10 सितंबर की शाम को अपनी स्कूटी को घर के सामने गली में खड़ी किया था, जिसे कोई व्यक्ति चोरी करके ले गया। पुलिस ने शनिवार को मामले में संलिप्त एक आरोपी मोहल्ला बड़ा तालाब निवासी जतिन को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई स्कूटी को भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में स्कूटी चोरी का आरोपी।

## कुमारी शैलजा ने अस्पताल की मांग को लेकर ग्रामीणों को दिया समर्थन

- धरने पर रोजाना अलग अलग संगठन और गांवों के लोग शामिल हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सरकारी अस्पताल बनाने की मांग को लेकर अस्पताल बनाओ संघर्ष कमेटी रामगढ़ भगवानपुर का धरना रविवार को 90वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने की अध्यक्षता राव लाल सिंह ने की। धरने पर रोजाना अलग-अलग संगठन और गांवों के लोग शामिल हो रहे हैं। धरने में रामगढ़ भगवानपुर के अलावा तुर्कियावास, बुड़ाना, बुड़ानी, फिदेड़ी, सुनारिया, फदनी, मीरपुर, मांढैया कला, गोकलपुर, डाबड़ी, डोहकी, मुंढलिया, ढाकिया, फदनी, बालियर खुर्द, माढैया कला, जाटी व गंगायचा जाट गांवों के ग्रामीण शामिल थे। रविवार को कांग्रेस की राष्टीय महासचिव व सिरसा से सांसद कुमारी कुमारी शैलजा ने घरना स्थल पर आकर अपना समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की मांग जायज है, जिसकों विधानसभा में उठाया जाएगा। अनिल कुमार सरपंच प्रतिनिधि ने कहा जब तक मांग को नहीं माना जाएगा तब तक धरना जारी रहेगा।



रेवाड़ी। धरना स्थल पर मौजूद कुमारी शैलजा व ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

## विधायक ने रतनथल में जलभराव का कराया समाधान



रेवाड़ी। रतनथल में ग्रामीणों की समस्या सुनते विधायक अनिल यादव। फोटो :हरिभूमि

**कोसली।** कोसली विधायक अनिल यादव ने रविवार को रतनथल गांव का दौरा किया और गांव में जलभराव की समस्या का जायजा लेकर पानी निकासी की व्यवस्था कराई। उन्होंने जल निकासी के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता को पानी निकासी के लिए मोटर पंप और पाइपलाइन डलवाने के निर्देश दिए, जिसके बाद सिंचाई विभाग ने गांव में पानी निकासी का पंप लगा दिया है। इस मौके पर अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

### जेएलएन नहर में लापता व्यक्ति का शव मिला

**कोसली।** गुडियानी गांव स्थित जेएलएन नहर के पंप हाउस के जाल के पास शनिवार रात एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली अवस्था में मिला। पंप हाउस कर्मियों की सूचना पर मौके पर पहुंची कोसली पुलिस ने शव को नहर से निकलवाकर पहचान के लिए रेवाड़ी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। पुलिस के जांच अधिकारी यशपाल ने बताया कि गुडियानी पंप हाउस पर शव मिलने की सूचना सोशल मीडिया पर वायरल करने के बाद तुेबाहेड़ी गांव के असबीर कोसली थाने में आए तथा पुलिस के साथ रेवाड़ी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने शव की पहचान 30 अगस्त से लापता अपने 75 वर्षीय पिता प्रताप सिंह के रूप में की, जिनके लापता होने की सूचना माछरौली थाने में दर्ज कराई गई थी। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## रेवाड़ी में 30 स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण को मिली स्वीकृति, 16.21 करोड़ रुपये होंगे खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरियाणा सरकार की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और सुदृढ़ीकरण करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि रेवाड़ी जिले में 29 उप-स्वास्थ्य केंद्र और एम ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट के निर्माण को प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इन सभी स्वास्थ्य संस्थानों के निर्माण के लिए 16.21 करोड़ रुपये की राशि फंड के रूप में स्वीकृत की गई है, जिसमें प्रत्येक सब हेल्थ सेंटर के निर्माण पर 55.50 लाख रुपये तथा ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट डहीना पर 50 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएंगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने से गांव-गांव में आमजन को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इससे लोगों को छोटे-छोटे इलाज या जांच के लिए शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।



स्वास्थ्य मंत्री आरती राव।

### इन गांवों में बनाए जाएंगे सब हेल्थ सेंटर

जिले के मयाण, खालेटा, निमोठ, मंढोला, धामलावास, प्राणपुरा, मनेठी, भालखी माजरा, नांगल जमालपुर, चिमनावास, खड़गवास, गूगोढ़, कोसली-1, कोसली-2, आशियाकी, रामपुरा, फिदेड़ी, गोकलगढ़, अलावलपुर, आनंदपुर, बोलनी, खंडोरा, खलीलपुरी, टूमना, झोलरी, दखोरा, कापड़ीवास, नया गांव बहाला और झाडोदा गांवों में उप-स्वास्थ्य केंद्र स्थापित किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि हर गांव और नागरिक को नजदीक में ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार ढांचा निर्माण, जनशक्ति की उपलब्धता और आधुनिक सुविधाओं को बढ़ाने की दिशा में काम कर रहा है।

## तापमान में वृद्धि से गर्मी ने किया जमकर परेशान, आज भी गहरे बादल छाने की संभावना

# फिर गहराए खतरे के बादल, बूंदाबांदी से किसानों को टेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सितंबर के पहले सप्ताह तक फसलों को भारी नुकसान पहुंचा चुका मौसम एक बार फिर बदलना शुरू हो गया है। आसमान में बादलों के बीच कुछ इलाकों में फुहारें गिरने से किसानों की धड़कनें तेज हो गई हैं। मौसम में बदलाव कुछ दिनों तक जारी रह सकता है। मानसून वापसी के कयास भी लगाए जा रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में एक बार फिर बारिश हो सकती है। रविवार को सुबह के समय आसमान साफ रहा। दोपहर तक तेज धूप के कारण गर्मी ने एक बार फिर लोगों के पसीने छुड़ाने शुरू कर दिए। लगभग एक माह बाद अधिकतम तापमान 1.0 डिग्री की वृद्धि के साथ 36.5 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 8 अगस्त के बाद पहली बार तापमान इस स्तर पर पहुंचा है। हवा में नमी का स्तर कम होकर 55 फीसदी पर आ गया, हवाओं की रफ्तार 11 किमी प्रति घंटा रही। दोपहर तक भारी गर्मी का प्रकोप बना रहा, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर बाद आसमान में बादल गहरा गए। जिले के कुछ भागों में मामूली बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार 15 सितंबर को भी आसमान में बादल गहरा सकते हैं। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। मानसून के वापसी करने के संकेत भी मौसम विभाग दे रहा है, जिससे आने वाले दिनों में किसानों की परेशानी बढ़ सकती है।



रेवाड़ी। अनाज में फड पर बाजरा सुखाते हुए पल्लेदार। फोटो :हरिभूमि

### तेजी से चल रहा फसल कटाई का काम

किसानों ने मौसम को देखते हुए बाजरे की कटाई का कार्य तेजी से शुरू किया हुआ है। बादल छाने के बाद किसानों की चिंता बढ़ने लगती है। किसान बाजरा निकालकर मंडियों में भी पहुंचाने लगे हैं। कपास की चुगाई का कार्य भी शुरू हो चुका है। यह फसल भी मंडियों में पहुंचनी शुरू हो गई है। अगर इस समय बारिश होती है, तो पहले से ही नुकसान झेल चुके किसानों की मुसीबत बढ़ सकती है।

### सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**धारूहेड़ा।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे के पास रालियावास-खजूरी कट पर ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि खजूरी कट के पास एक डेडबॉडी पड़ी हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर जाकर शव कब्जे में ले लिया। शव की शिनाख्त कराने के प्रयास किए गए। मृतक की पहचान बालियर कलां निवासी संदीप के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह शराब का आदि था। शराब के नशे में इधर-उधर घूमता था। वह किसी ट्रक की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद से परिजनों को सौंप दिया। केस दर्ज करने के बाद ट्रक चालक का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



## मंदिर दो और मूर्ति एक

झज्जर जिले के बेरी कस्बा में दो मंदिर हैं और इनमें रखी जाने वाली माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति एक ही है। बताते हैं कि प्रारंभ में इस जगह पर घना जंगल था। इसमें ऋषि दुर्वासा रह रहे थे। ऋषि दुर्वासा रोजाना सुबह माता भीमेश्वरी देवी की मूर्ति को बाहरी मंदिर में लाते और दोपहर बाद मूर्ति को भीतरी मंदिर में रख देते थे। मूर्ति को आंतरिक मंदिर से बाहरी मंदिर तक ले जाने की यह प्रक्रिया अभी भी धार्मिक रूप से पालन की जा रही है।

# जहाज कोठी, जो बन गई इतिहास का आईना

*समुद्री जहाज जैसी आकृति के कारण इसे जहाज कोठी नाम मिला। आज यह क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है, जहां सिंधु-सरस्वती सभ्यता से लेकर मध्यकालीन मूर्तियों और स्थापत्य अवशेषों तक 193 दुर्लभ कलाकृतियां संरक्षित हैं।*



धरोहर

डॉ. प्रियंका सौरभ



*हिसार का फ़िरोज शाह पैलेस परिसर अपने आप में इतिहास का खजाना है। इसी परिसर में स्थित जहाज कोठी अपनी अनोखी बनावट और रोमांचक अतीत के कारण विशेष महत्व रखती है। 18वीं शताब्दी का यह जैन मंदिर बाद में विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बना।*



हरियाणा के हिसार शहर का नाम सुनते ही सबसे पहले फ़िरोज़ शाह तुग़लक़ के महल, गुजरी महल, लोहारी गेट और बरसी गेट जैसे स्मारक सामने आते हैं। इन्हीं ऐतिहासिक इमारतों के बीच एक ऐसी कोठी भी खड़ी है, जिसका आकार समुद्र में तैरते जहाज़ जैसा प्रतीत होता है। यही है जहाज कोठी – जो कभी 18वीं शताब्दी का जैन मंदिर थी, फिर विदेशी साहसी जॉर्ज थॉमस और कर्नल जेम्स स्किनर की रिहायश बनी और आज क्षेत्रीय पुरातत्व संग्रहालय के रूप में संरक्षित है। यह स्मारक न केवल स्थापत्य की दृष्टि से अद्वितीय है, बल्कि भारत के उस दौर का भी गवाह है जब मराठा, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक सत्ता के लिए संघर्षरत थे। जहाज कोठी का मूल स्वरूप एक जैन मंदिर था।

इतिहासकार मानते हैं कि 18वीं शताब्दी से पहले यहां जैन धर्मावलंबियों ने अपना मंदिर बनवाया था। समय के साथ यह इमारत वीरान होती गई और 18वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इसे जॉर्ज थॉमस ने अपने निवास में बदल दिया। इमारत की डिज़ाइन इतनी अनोखी है कि देखने पर यह समुद्र में तैरते जहाज़ जैसी लगती है। इसी विशेषता के कारण स्थानीय लोगों ने इसे जहाज कोठी नाम दे दिया। जॉर्ज थॉमस का जीवन किसी उपन्यास से कम रोमांचक नहीं था। उनका जन्म 1756 में आयरलैंड के रोस्क्रिया क्षेत्र में हुआ। पिता गरीब किसान थे जिनका जल्दी निधन हो गया। बाल्यावस्था में उन्होंने डबलिन के गोदीघाट पर मजदूरी की। 1781 में वे ब्रिटिश नौसेना से जुड़कर भारत आए, लेकिन कुछ ही सालों में उन्होंने नौसेना छोड़ दी और एक भाड़े के सैनिक के रूप में उत्तर भारत की राजनीति में उतर आए। शुरुआत में वे पिंडारियों से जुड़े, फिर बेगम समरू की सेना में काम किया। वहां से हटाए जाने के बाद मराठा सरदार अप्पा राव के अधीन कार्य किया। धीरे-धीरे उन्होंने अपनी अलग शक्ति तैयार की और सिरसा से रोहतक तक फैले क्षेत्र पर अपना शासन स्थापित कर लिया। हांसी को उन्होंने अपनी राजधानी बनाया और यहां तक कि अपने सिक्के भी ढलवाए। 1796 में उन्होंने जहाज कोठी को अपनी रिहायश के लिए बनवाया और इसे अपनी महत्वाकांक्षा और शक्ति का प्रतीक बनाया। लेकिन उनका शासन अधिक समय तक नहीं चल सका। 1801 में मराठा-सिख-फ्रांसीसी गठबंधन ने उन्हें हराया और 1802 में गंगा नदी पार करते हुए उनकी मृत्यु हो गई। जॉर्ज थॉमस के बाद जहाज कोठी पर कर्नल जेम्स स्किनर का अधिकार हुआ। जेम्स स्किनर एंग्लो-इंडियन थे, जिनकी मां भारतीय और पिता स्कॉटिश अधिकारी थे। उन्हें “सिकंदर साहिब” के नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने ब्रिटिश सेना के लिए दो घुड़सवार रेजिमेंट खड़ी कीं – जिन्हें आज भी स्किनर्स हॉर्स के नाम से भारतीय सेना में जाना जाता है। उन्होंने भी जहाज कोठी को अपने निवास के रूप में इस्तेमाल किया। उनके जीवन से जुड़ा एक रोचक तथ्य यह है कि दिल्ली में स्थित प्रसिद्ध सेंट जेम्स चर्च (जिसे स्किनर ने बनवाया था) उनकी आस्था और शक्ति का प्रतीक है। जहाज कोठी को देखकर ऐसा लगता है जैसे कोई विशाल समुद्री जहाज़ ज़मीन पर खड़ा हो। इसका निर्माण जली हुई ईंटों, चूने, रेत और सुर्खी से हुआ है। सुर्खी जली हुई ईंटों या मिट्टी को पीसकर बनाई जाती है, जो गारे को मजबूती और टिकाऊपन देती है। इसकी ऊंची बालकनी से जब लोग पानी और नक्शे को देखते तो ऐसा प्रतीत होता मानो जहाज़ में बैठे हों। यह इमारत फ़िरोज़ शाह महल परिसर के भीतर स्थित है और कभी ठंडी सड़क से सीधे यहां पहुंचा जाता था। आज भले ही शहरीकरण के कारण इसका दृश्य बाधित हो गया हो, लेकिन इसके स्थापत्य को देखकर आज भी उस दौर की इंजीनियरिंग और सौंदर्यबोध का अंदाज़ा लगाया जा सकता है। 2009 में हरियाणा सरकार ने इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया और बाद में यहां क्षेत्रीय पुरातात्विक संग्रहालय स्थापित कर दिया गया। इस संग्रहालय में लगभग 193 कलाकृतियां सुरक्षित हैं। इनमें सिंधु-सरस्वती सभ्यता से जुड़ी वस्तुएं, राखीगढ़ी, कुणाल और बनावली से प्राप्त टेराकोटा आकृतियां, चित्रित मिट्टी के बर्तन और सींग वाले देवता की मूर्तियां प्रमुख हैं। जैन धर्म से जुड़ी कलाकृतियां और जॉर्ज थॉमस का अंग्रेज़ी और फ़ारसी में शिलालेख भी संग्रहालय का हिस्सा हैं। जहाज कोठी का महत्व केवल स्थापत्य या संग्रहालय तक सीमित नहीं है। यह स्थान उस दौर का गवाह है जब भारत की धरती पर सत्ता संघर्ष चरम पर था। मराठे, सिख, अंग्रेज़ और स्थानीय शासक अपने-अपने प्रभाव का विस्तार कर रहे थे और विदेशी साहसी भी यहां सत्ता स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। जहाज कोठी इस इतिहास की जीती-जागती निशानी है। आज यह स्मारक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और हरियाणा राज्य पुरातत्व विभाग की देखरेख में है। संरक्षण की दिशा में प्रयास जारी हैं, परंतु चुनौतियां भी कम नहीं हैं। आसपास के शहरीकरण और अनियोजित निर्माण के कारण इसका दृश्य बिगड़ गया है। यदि इसे सही तरीके से पर्यटन मानचित्र पर स्थान दिया जाए और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तो यह हरियाणा ही नहीं, पूरे उत्तर भारत का प्रमुख आकर्षण बन सकता है।

जहाज कोठी केवल एक इमारत नहीं, बल्कि इतिहास, स्थापत्य और संस्कृति का जीवंत संगम है। यह हमें बताती है कि कैसे एक जैन मंदिर विदेशी साहसियों की रिहायश बना और आज संग्रहालय का रूप लेकर हमारे अतीत से जोड़ रहा है। इस स्मारक को देखकर हमें न केवल अपने इतिहास पर गर्व होता है बल्कि यह भी सीख मिलती है कि हर इमारत अपने भीतर एक युग की कहानी समेटे रहती है। जरूरत है तो बस उसे समझने और सहेजने की।



---

कविता | कृष्ण लाल गिरधर



## हर मानस नै मरणा हो सै

हर मानस नै मरणा हो सै, और धरती म्ह समावैगा।
गोद इसकी म्ह खेले खाए, आखर म्ह कित जावैगा?
राजा हो ,चाहे हो भिखारी, करती सब का माण है।
धरती जननीं सब की माता, रहा म्हारी भगवान है।

देख्य सहनशील,रहा कर्म की माता, अन्न धन की खान है।
बख्त उठ चुचकारै इसनै, खेता म्हं जा किसान है।
देख्य दयावान, दानी कहावै, करती सब का कल्याण है।
धरती जननीं सब की माता, रहा म्हारी भगवान है।

धीरज धरम सिखावण आली, अपनी छाती नै चीरै सै।
तन,मन, धन सब देकै अपना, बिन मांगे रहा जीवै सै।
देख्य कदै ना मरती, कदै ना डरती, रहा हर जीव का प्राण है।
धरती जननीं सब की माता, रहा म्हारी भगवान है।

---

कविता | डॉ. फूल कुमार राठी



## गुरुजन गौरव गान

गुरुजन हों सैं ज्योत ज्ञान की, इनके काज सुनहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इनकी काहणी कहरे सैं ।।

'अ' तैं अटल रहवै लक्ष्य पै, 'आ' तैं आच्छया, आभावान।
'इ' तैं इतिहास रुखाळा, बड्डी 'ई' जितणा ईमान-2
'उ' तैं उत्तम और अनुपम, बड्डे 'ऊ' तैं ऊंचा स्थान।
'ऋ' तैं ऋजु, 'ए' तैं एकाग्र, 'ऐ' तैं ऐतबार की खान -2
'ओ' तैं ओजस्वी-सा चेहरा, 'औं' तैं औचित्य गहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'क' तैं कर्मठ, कर्मशील यो, 'ख' तैं खुद्दारी का नाम।
'ग' तैं गहणा मेरे वतन का, 'घ' तैं घटी-बधी पै ध्यान-2
'च' तैं चरित्रवान, चटक यो, सदा रहवै चर्चा की ज्यान।
'छ' तैं तणकै छत्र खड़या यो, छात्र का बणकै अभिमान -2
'ज' तैं जनसेवक, जनप्रिय, 'झ' तैं झण्डे फ़हरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'ट' तैं टिक्का यो मस्तक का, 'ठ' तैं ठाठ-ठिठौली सै।
'ड' तैं डगर दिखावणियाँ यो, सबका दात्ता मेल्ली सै -2
'ढ' तैं ढाळ सुहेली-सी यो, किबै ढारा, किबै हेल्ली सै।
'त' तैं यो तक़दीर बणावै, 'थ' तैं थावस गेल्ली सै-2
'द' तैं दयालु, 'ध' तैं धर्मी, 'न' तैं नरोत्तम कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं'।।

'प' तैं प्रबुद्ध और पवित्र, 'फ' तैं यो फ़ळदायी सै।
'ब' तैं बुद्धिमान घणा यो, हद तैं घणा सहाई सै-2
'भ' तैं भगत, भला माणस यो, और भाईयां का भाई सै।
'म' तैं मिलनसार, मितभाषी, 'य' तैं यथार्थ परछाई से -2
'र' तैं रक्षक यो मूल्यां का, 'ल' तैं लगनी कहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

'व' तैं यो विद्वान बताया, 'श' तैं शुभचिंतक क्षण का।
'ष' तैं यो षट्दर्श करावै, 'स' तैं संतोषी मन का -2
'ह' तैं हलीमी खींचणियाँ यो, और हिसाबी से धन का।
हुनरबाज, होशियार, हिमाती, हितकारी से जन-जन का।
'फूल सिंह' फेर इसकै ऊपर, इतणे तगड़े पहरे सैं।
वर्णमाला के सारे अक्षर, इसकी काहणी कहरे सैं।।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

---

धार्मिक नगरी | वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था



# अंग्रेजों के साथ बेरी में भी हुआ था एक दिन का युद्ध

इतिहास | यशपाल गुलिया



झज्जर जिले के कस्बा बेरी में स्थित माता भीमेश्वरी देवी मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है।

बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।

प्रपाठय पुस्तकों मे बेरी-जहाजगढ़, रोहतक, खरखौदा आदि के युद्धों का उल्लेख नहीं किया गया, जबकि इन सभी उपरोक्त स्थानों पर रक्त रंजित युद्ध हुए हैं।

धार्मिक नगरी बेरी में भी एक दिन का भीषण युद्ध हुआ था। मुगल काल से ही बेरी-दुबलधन नाम से एक संयुक्त परगना कायम था तथा बेरी में एक छोटा किला भी मध्यकाल से ही बनाया गया था जिसको गढ़ी पुकारा जाता था। आईने अकबरी पुस्तक में बेरी की गढ़ी का वर्णन प्राप्त होता है। उसी गढ़ी में बेरी के जाटों ने इकट्ठे होकर झज्जर के तत्कालीन शासक जॉर्ज थॉमस को ललकारा था। वर्ष 1794 में मराठों ने झज्जर-बेरी क्षेत्र को एक आयरलैंड वासी जॉर्ज थॉमस को जागीर के तौर पर प्रदान किया था। जॉर्ज ने झज्जर में उपयुक्त सैनिक भर्ती करके जमींदारों से कड़ाई से लगान वसूलना आरम्भ कर दिया। इसका बेरी के किसानों ने न केवल विरोध किया बल्कि जॉर्ज से टकराने को भी तैयार हो गए। झज्जर में आए जॉर्ज को एक-दो वर्ष ही हुए थे कि उन्होंने शीघ्र ही तोपें, बन्दूक व काफी युद्ध सामग्री इकट्ठी कर ली। उधर, बेरी वासियों ने भी गढ़ी में आवश्यक तैयारी कर ली जिसके लिए उन्होंने बाहर से भी राजपूत युवक बुला लिए थे।

इंग्लिश की एक पुस्तक में बेरी के युद्ध का सम्पूर्ण विवरण दिया गया है। जैसा बेरी वासियों को अन्देशा था, जॉर्ज ने वर्ष 1795 के अन्त में बेरी पर आक्रमण कर दिया। तब पूरी तैयारी के साथ बेरी वासियों ने गढ़ी से बाहर निकलकर जॉर्ज के सैनिकों में कत्लेआम मचा डाला और भारी हानि के साथ जॉर्ज की सेना पीछे हटनी आरम्भ हो गई। लेकिन उसके एक घायल सैनिक को बेरी वालों ने जिन्दा ही आग में फेंक दिया। बेरी वालों ने अपनी रणनीति के तहत काफी मात्रा में सूखे कंटीले पेड़-पौधे काटकर पहले से ही आग लगाने की योजना बना रखी थी। तब हारकर पीछे लौटते हुए जॉर्ज के सैनिकों ने अपने सैनिक को जिन्दा आग मे फेंकता देखकर फिर से साहस जुटाने का निर्णय किया और एक बार फिर से युद्ध होने लगा। इस बार बेरी वासियों को हार का सामना करना पड़ा। बेरी वासी आस-पास के जंगल को कूच कर गए तथा कुछ गढ़ी में लौटने लगे। लेकिन इस बार जॉर्ज के सैनिकों ने बेरी की गढ़ी में प्रवेश करके वहां भी कत्लेआम कर डाला। बेरी के युद्ध के बाद जॉर्ज ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया तथा झज्जर के पश्चिम में वर्ष 1796 में एक नया किला भी बना लिया। इसको जॉर्जगढ़ के नाम से पुकारा जाता था। उस किले के बाहर बस्ती बढ़ती गई और कुछ वर्षों बाद जहाजगढ़ नामक नया गांव ही आबाद हो गया।


बेरी के बाद अगले वर्ष जॉर्ज ने काहनौर वासियों से भी एक दिन का युद्ध लड़ा था। जॉर्ज थॉमस ने भी वर्ष 1797 में अपना मुख्यालय झज्जर की अपेक्षा हांसी के प्राचीन किले में स्थापित कर लिया। वहीं पर उसको वर्ष 1801 में मराठा सेना के सामने आत्म समपर्ण करना पड़ा था।


---

# फिर लौटेगा हरियाणवी फिल्मों का सुनहरा दौर : गीतू परी

कलाकार | डॉ. तबस्सुम जहां







हरियाणवी सिनेमा जगत की मशहूर एक्ट्रेस और प्रॉड्यूसर गीतू परी अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' को लेकर आजकल काफ़ी चर्चा में हैं। गीतू परी ने वीडियो सॉन्ग बखत, जुगनी, फकीरा और हरियाणवी स्टेज ऐप की फिल्म '12वीं आला प्यार', चौधर-पार्ट 1 और 2, अखाड़ा 2, वनवास, बूढ़ी काकी, अहंकार के अलावा हरियाणवी चौपाल ऐप पर फिल्म ‘कच्छे धारी’ आदि फिल्मों में अभिनय के जौहर दिखाए हैं।

अभिनेत्री एवं निर्मात्री गीतू परी का जन्म हरियाणा के जिला गोहाना में कोहला गांव में पिता चतर सिंह और माता मायावती के घर में हुआ। जब वह 5 साल की थीं तब इनका परिवार जींद में रहने लगा। इनकी शुरुआती पढ़ाई जींद से ही हुई। जब ये आठवीं क्लास में थी, तब अभिनय में रुचि पैदा हुई और इन्होंने स्कूल में ही नाटकों में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। दसवीं क्लास तक आते-आते इनकी शादी हो गई। शादी के बाद गीतू परी गृहस्थी में उलझ कर रह गईं पर एक्टिंग से दूर होने का दुःख उन्हें लगातार सालता रहा। ससुराल में उन्होंने विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए दिल्ली में 'आर्ट एंड क्राफ्ट' में टीचर की जॉब की। बाद में जॉब छोड़कर एक फैशन शो में हिस्सा लिया। शो के दौरान ही उन्हें एक फिल्म में एक्टिंग करने का ऑफर आया जिसमें एक मां का कैरेक्टर था। इसके लिए उन्हें अपने परिवार की स्वीकृति मिल गई और इस प्रकार 2017 में पहली बार गीतू परी फिल्म 'अनकही' में कैमरे से रुबरु हुईं। उसके बाद से वह अनवरत बड़े प्रोजेक्ट्स में काम कर रही हैं और अभिनय के क्षेत्र में निरंतर सफलता की ऊंचाइयों को छू रही हैं। गीतू परी ने अपने परिवार, कला और अभिनय से सम्बंधित अनेक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। फिल्मों में आने के लिए उनका सबसे पहला संघर्ष उनके अपने परिवार से था। पहले तो उनके मायके पक्ष या ससुराल पक्ष ने उनको सपोर्ट ही नहीं किया था। गीतू परी बताती हैं कि ‘मेरे अंदर कहीं ना कहीं एक जज्बा था कि मुझे एक्टिंग लाइन में काम करना है, बच्चे बड़े होने के बाद अपने हस्बैंड के सपोर्ट से मैंने फिर से एक्टिंग लाइन में कदम रखा।’ गीतू परी अभिनय के साथ फिल्म निर्माण से भी जुड़ी रही हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा के लोगों ने और हरियाणवी इंडस्ट्री ने मुझे इतना प्यार और सहयोग दिया है। हरियाणा में सिनेमा को लेकर बहुत अच्छा काम हो रहा है। मैंने कई फिल्में लिख रखी हैं, उन सब फिल्मों को पर्दे पर उतारने की मेरी पूरी पूरी कोशिश रहेगी। हरियाणवी सिनेमा की स्थिति के बारे में पूछने पर गीतू परी कहती हैं कि फिल्म ‘चंद्रावल’ ने अपने समय में एक मुकाम हासिल किया था और उसके काफी टाइम बाद राजीव भाटिया की फिल्म ‘पगड़ी’ से एक उम्मीद जागी और फिर संदीप शर्मा की फिल्म सतरंगी और यशपाल शर्मा निर्देशित ‘दादा लखमी’ ने वही फिल्म चंद्रावल जैसा माहौल थियेटर में बना दिया।

### फिल्म ‘दादा लख्मी’ से मिली पहचान

बॉलीवुड अभिनेता यशपाल शर्मा के निर्देशन में बनी हरियाणवी फीचर फिल्म ‘दादा लख्मी’ गीतू परी के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म को राष्ट्रीय अवार्ड समेत सैकड़ों देशी-विदेशी अवार्ड मिले हैं। इस फिल्म से गीतू परी को भी ब्रेक मिला। अपने आने वाले प्रोजेक्ट 'सांगी' के विषय में गीतू परी ने बताया कि हरियाणवी स्टेज पर उनकी आने वाली फिल्म 'सांगी' हरियाणवी संस्कृति को दर्शाती है। इस फिल्म से उन्हें काफी उम्मीदें हैं। वे बताती हैं कि यह एक जूनूनी बच्चे की स्टोरी है। इसमें बहुत सारे नए और पुराने कलाकारों ने काम किया है। इस फिल्म में 12 गाने हरियाणा के लोगों को देखने और सुनने को मिलेंगे। यह कहानी अपने आप में पूरे हरियाणा को समेटे हुए होगी। वह करीब दो साल से इस स्टोरी पर काम कर रही थी। इसके डायरेक्टर रविंद्र बजवान अन्ना हैं जिन्होंने फिल्म को बहुत अच्छे से डायरेक्ट किया है। गीतू के आगामी प्रोजेक्ट में बाबा जी की कुटिया, छन्नू ताई ,खजनी शेरगढ़ वाली, आदि कई वीडियो गीत और शार्ट फिल्में हैं। फिलहाल इन पर काम चल रहा है। वर्तमान में ओटीटी प्लेटफार्म आने से थियेटर वालों के लिए चिंता बढ़ी है, ऐसी स्थिति में गीतू परी को नहीं लगता है कि ओटीटी आने से थियेटर पर कोई असर पड़ेगा क्योंकि थिएटर पर ढाई से 3 घंटे की फिल्म देखी जाती है और ओटीटी पर शॉर्ट फिल्म, वेब सीरीज, आदि ने अपनी जगह बनाई हुई है। ओटीटी के आने के बाद भी लोग थियेटर में जाकर फिल्म देखना पसंद करते हैं।

खबर संक्षेप

### दो नशा पीड़ित व्यक्तियों को डी एडिक्शन सेंटर भेजा

रेवाड़ी। जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस की नशा मुक्त टीम के ग्रामीण दौरे लगातार जारी हैं। रविवार को पुलिस टीम ने गांव बालावास जमापुर व लाखनौर में ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांवों को नशा मुक्त करने तथा युवाओं को नशे से दूर रखने को लेकर विचार-विमर्श किया। नशामुक्ति टीम ने दो नशा पीड़ति व्यक्तियों की काउंसलिंग कराकर रेवाड़ी के डी एडिक्शन सेंटर में भर्ती भी कराया। नशा मुक्ति टीम ने अब तक नशे से पीड़ति 124 लोगों की पहचान की है तथा 39 नशा पीड़तिों का इलाज कराया गया है। नशा मुक्त टीम से एएसआई जितेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर आपस में तालमेल के साथ कार्य करें तो नशे जैसी बुराई पर नियंत्रण पाया जा सकता है।

### मंत्री और विधायक को सौंपा ज्ञापन

रेवाड़ी। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन हरियाणा की ओर से प्रांतीय प्रधान बाबूलाल के नेतृत्व में राव नरबीर सिंह वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री, लक्ष्मण सिंह यादव विधायक और डा. कृष्ण कुमार विधायक बावल को रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों लेकर ज्ञापन सौंपा गया। रिटायर्ड कर्मचारियों ने मेडिकल के लिए कैशलैस सुविधा उपलब्ध कराने, रिटायर्ड कर्मचारियों की कम्युटेशन की राशि को 15 वर्ष की बजाय 10 वर्ष 8 मास में करन व मेडिकल अलाउंस 1000 रुपए से बढ़ाकर 3000 रुपए करने सहित अनेक मांगों को पूरा करने का अनुरोध किया।

म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत चलाया अभियान, हर व्यक्ति को जोड़ने की पहल

# विधायक ने संगठनों के साथ मिलकर अंबेडकर चौक और नए तहसील परिसर में की सफाई

प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी अपनी जिम्मेदारी निभाएगा तो आमजन को मिलेगा बेहतर वातावरण : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत जिले के शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता के साथ सुखद व स्वस्थ माहौल बनाया जा रहा है। रेवाड़ी, धारूहेड़ा व बावल क्षेत्र के लोग स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से सफाई अभियान में सहयोग दे रहे हैं। जिला प्रशासन डीसी अभिषेक मीणा के नेतृत्व में अभियान के तहत हर और स्वच्छता की अलख जगाते हुए लोगों में स्वच्छता को अपने जीवन में धारण करने की जागृति पैदा कर रहा है। अपने शहर को साफ सुथरा बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे विधायक लक्ष्मण सिंह यादव आमजन की सहभागिता के साथ निरंतर शहरी क्षेत्र में सफाई रखने का संकल्प दिला रहे हैं।





रेवाड़ी। तहसील परिसर में सफाई करते हुए टीम व गढ़ी बोलनी रोड पर सफाई करते हुए विधायक व टीम। फोटो : हरिभूमि

### नजर आ रहा स्वच्छता का माहौल : लक्ष्मण

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने रविवार की सुबह विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर शहर के अंबेडकर चौक व नई तहसील परिसर क्षेत्र में मुहिम के तहत स्वच्छता अपनाने का संकल्प दिलाते हुए सफाई अभियान चलाया। विधायक यादव ने कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे घर, परिवार, गली, मोहल्ला सहित पूरे क्षेत्र में हर वर्ग को सुखद अहसास देने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में स्वच्छ शहर अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें रेवाड़ी जिले के शहरी क्षेत्र प्रदेश के सुखद व स्वच्छ वातावरण की रैंकिंग में अग्रणी बनने की ओर अग्रसर हैं। विधायक ने कहा कि हमें सफाई को अपने जीवन में धारण करते हुए स्वस्थ शरीर की परिकल्पना को साकार करना है। विधायक ने पूरी टीम के साथ स्वच्छता अभियान के तहत सड़कों से कचरा उठवाया और स्वयं सफाई करते हुए लोगों को सफाई कार्य निरंतर जारी रखने का आह्वान भी किया।

### कार्यालयों को स्वच्छ बनाएं : डीसी

डीसी अभिषेक मीणा ने जिला के सरकारी कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपने घर, गली,मोहल्ले के साथ अपने कार्य स्थल कार्यालय में भी स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि म्हारा रेवाड़ी-स्वच्छ रेवाड़ी मुहिम के तहत विगत दिनों रेवाड़ी में श्रमदान दिवस मनाया गया था और सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारियों व कर्मचारियों ने मिलकर अपने कार्य स्थल का सौंदर्यीकरण भी किया था, किंतु जहां सरकारी कार्यालयों में अभी साफ सफाई नहीं हैं वे पूरी गंभीरता दिखाते हुए अपने कार्यालय परिसर को स्वच्छ बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि हर अधिकारी व कर्मचारी यदि अपनी जिम्मेवारी स्वच्छता के प्रति सही तरीके से निभाएगा तो निश्चित तौर पर सुखद माहौल सरकारी कार्यालयों में नजर आने से आमजन को भी बेहतर वातावरण मिलेगा। डीसी ने विभागाध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि जो भी वेस्ट मटेरियल उनके कार्यालय परिसर में है उसे निर्धारित नियमों की पालना करते हुए हटाया जाए। डीसी ने बताया कि शहर के सभी 31 वार्डों को नोडल अधिकारियों की देखरेख में कवर किया गया है। धारूहेड़ा शहरी क्षेत्र में एसडीएम सुरेश कुमार व बावल में एसडीएम बावल मनोज कुमार के साथ जिले में डीएमसी ब्रह्म प्रकाश की देखरेख में स्वच्छता मुहिम को सार्थक किया जा रहा हैं।



रेवाड़ी। वार्ड नोडल अधिकारी अपनी देखरेख में वार्ड में सफाई कार्य कराते हुए।

# प्रथम व द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में 27 प्रतिशत कोटा दिया जाए

- पिछड़ा वर्ग की बैठक में उठाई मांग, लागू करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

रविवार का गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन रामबीर यादव की अध्यक्षता में समस्त पिछड़ा वर्ग की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें पिछड़ा वर्ग संयुक्त मोर्चा के संयोजक मनोज यादव ने पिछड़ा वर्ग की मांगों के बारे जानकारी सांझा की तथा सभी ने सर्वसम्मति से सरकार से मांग की कि पिछड़े वर्ग आयोग के अध्यक्ष सहित अन्य सभी सदस्य पिछड़ा वर्ग से ही हो और पिछड़ा वर्ग आयोग कार्यालय में भी निचले स्तर के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी भी पिछड़ा वर्ग से ही संबंधित हो ताकि वे पिछड़ा वर्ग की भलाई के लिए और अधिक कार्य कर सकें। उन्होंने हरियाणा सरकार की प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी की सभी नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत पूरा कोटा तुरंत प्रभाव से लागू करने तथा जब तक 27 प्रतिशत कोटा लागू हो, तब से किसी भी तृतीय श्रेणी के पद को अपग्रेड करके प्रथम एवं द्वितीय वर्ग में शामिल न करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी अन्य जाति को पिछड़ा वर्ग में उसी कोटे में शामिल न किया जाए, यदि किसी जाति को पिछड़ा वर्ष में शामिल किया भी जाए तो उसी अनुपात में आरक्षण का कोटा भी बढ़ाया जाए। आईआईटी, आईआईएम, विश्वविद्यालय व मेडिकल इंस्टीट्यूट में भी 27 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की।




रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित पिछड़ा वर्ग से संबंधित समुदायों के लोग। फोटो : हरिभूमि

### सरकार ने जल्द फैसला नहीं लिया तो चलाएंगे मुहिम

वक्ताओं ने कहा कि सरकार यदि जल्द ही कोई फैसला नहीं लेती है तो इस मुहिम को गांव गांव, कॉलेज व यूनिवर्सिटी स्तर पर उठाया जाएगा और पिछड़ा वर्ग के मोर्चा के सदस्य स्कूलों, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों में जाकर पिछड़ा वर्ग के छात्रों को संगठित करके आंदोलन को और तेज करेंगे। मीटिंग में रणबीर सिंह यादव, सुरेन्द्र यादव, चेतराम सैनी, मनोज यादव, कैलाश यादव, विजयपाल, कुलदीप यादव, हरिराम सैनी, कैलाश चंद जांगिड़, रामावतार एकलव्य व जौहरी सिंह सहित काफी संख्या में पिछड़ा वर्ग से संबंधित समुदायों के लोग उपस्थित थे।

# विदेशी नागरिकों के ठहरने पर दें सूचना नहीं तो होगी कार्रवाई: एसपी हेमेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि सभी नागरिक व संस्थाएं अपने क्षेत्राधिकार में ठहरने वाले विदेशी नागरिक की सूचना पुलिस को दें। इस संबंध में पूर्व में भी पुलिस प्रशासन की ओर से निर्देश भी जारी किए गए हैं। ऐसा न करने वाली संस्थाएं-व्यक्ति अपने आपकी तथा शहर की सुरक्षा को खतरे में डालते हैं, ऐसी लापरवाही के कारण कोई भी घटना घटित हो सकती है। एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों से उनके क्षेत्र में चल रहे होटल-गेस्ट हाउस तथा ओयो के संचालकों की मीटिंग लेकर होटल व गेस्ट हाउस में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का ब्योरा हर समय पोर्टल पर अपलोड करने के भी निर्देश दिए है। एसपी मीणा ने कहा कि सभी ध्यान रखें कि जब भी किसी होटल या कंपनी में कोई भी विदेशी नागरिक आता है तो तुरंत रिकॉर्ड रजिस्टर में मेंटेन करें और उसकी सूचना अपने संबंधित थाना और कार्यालय पुलिस अधीक्षक की सुरक्षा शाखा में भिजवाएं तथा ब्यूरो आफ इमीग्रेशन के इस साइट पर जाकर सी फॉर्म भरे, जिससे कि विदेशी नागरिक की सारी डिटेल ऑनलाइन हो जाए।



एसपी हेमेन्द्र मीणा

### पुलिस से अनुमति लेना जरूरी

एसपी ने बताया कि बहुत से विदेशी नागरिक रेवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र आते जाते हैं और आसपास के एरिया में किराए पर कमरा लेकर रहने की कोशिश करते हैं। विदेशी नागरिक भारत में अन्य भी बहुत सारे कार्यों से आते हैं और यहां पर ठहरते हैं। विदेशी नागरिकों को किराए पर कमरा देने से पहले होटल, सराय, धर्मशाला या गेस्ट हाउस संचालक को पुलिस विभाग से इसकी अनुमति लेना अति आवश्यक है। बिना अनुमति किसी विदेशी नागरिक को किराए पर रखना देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकता है।

# श्रीकृष्ण-सुदामा के चरित्र का किया वर्णन

- कालीमाता मंदिर संतधाम में श्रीमद् भागवत कथा का अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

बलभद्र सराय स्थित कालीमाता मंदिर संतधाम में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन कथा वाचक पुरूषोतम महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन किया। मुख्य अतिथि रूबी यादव व डा. कमलेश ने दीप प्रज्वलित करके कथा का शुभारंभ किया। मंदिर कमेटी की ओर से अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। कथा के दौरान राजा हरिश्चंद्र कथा व श्रीकृष्ण-सुदामा की भव्य झांकी का मंचन किया गया व श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन सुनाया गया। श्रद्धालुओं ने भजनों पर नृत्य किया। इस अवसर पर ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य चेयरमैन राजकुमार कतोपुरी ने मंदिर कमेटी को आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से समाज में फैली बुराइयों का नाश होता है। हम सभी को ग्रंथों से ज्ञान प्राप्त कर अपने जीवन में धारण करना चाहिए। कथा के समापन पर कथावाचक पुरूषोतम महाराज व मंदिर महंत अभय सिंह महाराज का पगड़ी व माला पहनाकर सम्मान किया गया। इस मौके पर हवन व भंडारे का भी आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर युवा समाजसेवी प्रथम अग्रवाल, रिंकू सैनी, दीपक सैनी, मोहित रामपुरा, नवीन, हर्षित, अंश, यश, जतिन, हिमांशु, कुशाल,हर्ष, मनीष, दर्शन, हेमंत, अंशु व पंकज सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



रेवाड़ी। कथा के दौरान श्रीकृष्ण-सुदामा की झांकी पेश करते बच्चे।

### जीवनराम गर्ग को बनाया एमिनेंट पर्सन

कुंड। वरिष्ठ भाजपा नेता जीवनराम गर्ग को सीएम विंडो का एमिनेंट पर्सन बनाया गया है। उनकी नियुक्ति पर समर्थकों ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह सहित दूसरे भाजपा नेताओं का आभार जताया है। उन्हें सीएम विंडो का एमिनेंट पर्सन बनाए जाने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कैबिनेट मंत्री आरती सिंह राव व भाजपा जिलाध्यक्ष वंदना पोपली सहित दूसरे भाजपा नेताओं का भी आभार व्यक्त किया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू चेयरमैन, खोल मण्डल अध्यक्ष सुभाष यादव, जिला मंत्री दिनेश यादव, माजरा के सरपंच रविंद्र हाथी, अशोक कुमार सरपंच, अतर सिंह यादव आदि ने पार्टी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

# व्यापारियों ने डीएमसी को सौंपा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पंजाबी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से अतिक्रमण मुद्दे को लेकर डीएमसी ब्रह्मप्रकाश को एक प्रस्ताव पत्र सौंपा गया। मार्केट के प्रधान सुरेंद्र वशिष्ठ ने कहा कि व्यापारी समाज प्रशासन का सहयोग करने को तैयार है, लेकिन कठोर कार्रवाई से सैकड़ों परिवारों की रोजी-रोटी पर संकट आ जाएगा। उन्होंने कहा कि पंजाबी मार्केट के छोटे-बड़े व्यापारी पूरी तरह इस बाजार पर निर्भर हैं। सभी व्यापारी अतिक्रमण का पक्का निर्माण हटाने पर सहमत हैं। दुकानों के बाहर सीमित स्थान पर रखा सामान केवल ग्राहकों की सुविधा और व्यापार की मजबूरी है। प्रधान ने कहा कि व्यापारी समाज प्रशासन के साथ तालमेल रखते हुए काम करना चाहता है। उन्होंने रोजगार और व्यापार को सुरक्षित रखते हुए डीएमसी से सहानुभूतिपूर्वक निर्णय लेने की मांग की। उप प्रधान लव खरबंदा ने बाजार में सीसी कमरे लगवाने एवं उनको मेंटेन करने की अपील की। डीएमसी ने कहा कि नगर परिषद को बाजार को अतिक्रमण मुक्त करना है।



रेवाड़ी। बैठक में व्यापारियों का संबोधित करते डीएसमी ब्रह्मप्रकाश।

# साहित्यकार नाहड़िया केंद्रीय हिंदी सलाहकार समिति के सदस्य बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीहा के प्राचार्य तथा बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद् के संस्थापक महासचिव मूलरूप से नाहड़ निवासी व सेक्टर-1 में रह रहे वरिष्ठ साहित्यकार सत्यवीर नाहड़यिा को केंद्रीय हिंदी सलाहकार समिति का मानद सदस्य मनोनीत किया गया है, जिसके लिए क्षेत्र के विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक व सामाजिक संगठनों में खुशी जाहिर करते हुए केंद्र सरकार के योजना मंत्रालय व नीति आयोग का आभार जताया है। परिषद् के अध्यक्ष ऋषि सिंहल ने बताया कि गत तीन दशकों के नाहड़यिा के बहुआयामी लेखकीय योगदान को देखते हुए नीति आयोग द्वारा उन्हें इस समिति के लिए नामित किया गया है, जिसकी अधिसूचना भारत सरकार के राजपत्र में पिछले सप्ताह प्रकाशित हुई है। इस समिति में करीब आधा दर्जन लोकसभा तथा राज्यसभा के सांसदों के अलावा विश्व हिंदी परिषद्, राजभाषा विभाग, केंद्रीय सचिवालय हिंदी परिषद्, संसदीय राजभाषा समिति व संसदीय कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति का मुख्य उद्देश्य हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देना है तथा इस समिति का कार्यकाल आगामी तीन वर्ष तक रहेगा। करीब दो दर्जन पुस्तकों के लेखक नाहड़यिा साहित्य में हरियाणा अकादमी पुरस्कार तथा राज्य शिक्षक पुरस्कार से अलंकृत हैं।



सत्यवीर नाहड़िया

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत कार्यक्रम

# सभी एकजुट होकर हिंदी के विकास को नया आयाम दें : प्राचार्य

कार्यक्रम के दैरान हिंदी विभाग की ओर से अनेक गतिविधियों का आयोजन करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीकानेर में हिंदी पखवाडे के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्राचार्य मनोज कुमार के मार्गदर्शन में हिंदी विभाग की ओर से अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

सदन प्रभारी प्रवक्ता नेहा शर्मा के नेतृत्व में छात्रा ईशा व टीम ने लघु नाटिका के माध्यम से हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम प्रभारी हिंदी प्रवक्ता डा. सुविधा यादव ने कहा कि अपने विचारों और भावनाओं को मौखिक और लिखित रूप से प्रकट करने के लिए हमें भाषा की आवश्यकता होती है। अध्यापक मुकेश कुमार ने कहा कि भारत विविधताओं वाला देश है, जिसमें विभिन्न धर्म जाति के लोग रहते हैं, लेकिन इन सभी लोगों को हिंदी भाषा से जोड़कर रखा हुआ है।

हिंदी हमारी राष्ट्रीय धरोहर है। हिंदी भाषा को सदियों से हमारे पूर्वजों और अब हमारे द्वारा संवाद के लिए उपयोग किया जाता है। विद्यालय सचिव प्रवक्ता सत्ते सिंह ने बताया कि जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हुसैनपुर में आयोजित जिला स्तरीय हिंदी पखवाड़ा प्रतियोगिता में हिंदी अध्यापिका मंजूलता के मार्गदर्शन में कक्षा आठवी की छात्रा इशिका ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### हिंदी का उपयोग पूर्ण रूप से करना होगा

प्राचार्य मनोज कुमार ने कहा कि जब तक हिंदी का उपयोग पूर्ण रूप से नहीं करेंगे, तब तक हिंदी भाषा का विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि हिंदी भाषा के विकास के लिए कुछ लोगों द्वारा कार्य करने से कोई विशेष लाभ नहीं होगा, इसके लिए सभी को एकजुट होकर हिंदी के विकास को नए आयाम तक पहुंचाना होगा। हिंदी भाषा के विकास और विलुप्त होने से बचने के लिए यह अनिवार्य है कि हम अपनी आम बोलचाल में हिंदी का अधिक प्रयोग करे तथा सभी को प्रेरित करें। इस मौक पर सभी शिक्षक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप



### हिंदी भाषा का सम्मान करना सभी का कर्तव्य

रेवाड़ी। दिल्ली रोड पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में हिंदी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य जॉय बैनर्जी ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है, जो हमारी संस्कृति, इतिहास और पहचान का प्रतीक है। यह भाषा हमें एकजुट करती है और हमारे देश की विविधता को दर्शाती है। हिंदी न केवल संचार का माध्यम है, बल्कि यह हमारी समृद्ध संस्कृति, इतिहास और परंपराओं को भी आगे बढ़ाती है। बैनर्जी ने कहा कि हिंदी का संरक्षण और संवर्धन खासकर युवाओं सहित हम सभी की जिम्मेदारी है। प्रधानाचार्य ने कहा कि हिंदी विश्व में सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक है और इसका विकास संस्कृत और प्राकृत भाषाओं से हुआ है।

### आईजीयू में प्रौद्योगिकी दिवस पर कार्यक्रम 16 को



रेवाड़ी। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग की ओर से राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर तकनीकी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में नवाचार, तकनीकी कौशल और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर सत्येंद्र बल ने बताया कि 16 सितंबर तक कई रोचक और ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें टेक्निकल क्विज, पोस्टर प्रेजेंटेशन, मॉडल प्रदर्शनी और पीपीटी प्रेजेंटेशन शामिल हैं। प्रोफेसर सत्येंद्र बल ने बताया कि यह आयोजन छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने, टीमवर्क को बढ़ावा देने और तकनीकी क्षेत्र में नवीन सोच को प्रोत्साहित करने का एक मंच प्रदान करेगा।

### शिक्षा विभाग ने 39 स्कूलों में की खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था


# रेवाड़ी में फेंसिंग और योगा के राज्य स्तरीय मुकाबले कल से, खिलाड़ी दिखाएंगे जौहर

16 सितंबर से 18 सितंबर तक तीन दिन तक होगा खेलों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

इस बार रेवाड़ी राज्य स्तरीय फेंसिंग व योगा खेलों में मेजबानी करने जा रहा है। जिले में 16 सितंबर से 18 सितंबर तक तीन दिवसीय राज्य स्तरीय स्कूल खेलकूद प्रतियोगिताओं का आगाज होगा, जिसके लिए राज्यभर से खिलाड़ियों की टीमें 15 सितंबर सुबह से ही रेवाड़ी में आनी शुरू हो जाएंगी। जिले में होने वाली फेंसिंग व योगा खेल प्रतियोगिताओं में 22 राज्यों से करीब 1500 खिलाड़ी और ऑफिशियल हिस्सा लेंगे, जिनके ठहरने के लिए निजी व सरकारी 39 स्कूलों में विशेष व्यवस्था की गई है। 16 सितंबर से शुरू होने वाली प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाएंगे। शिक्षा विभाग से सहायक खेल अधिकारी भूपेन्द्र यादव ने बताया कि फेंसिंग प्रतियोगिता का आयोजन राव तुलाराम स्टेडियम और योगा प्रतियोगिता कोनसीवास रोड स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में होगी, लेकिन 15 सितंबर को राव तुलाराम स्टेडियम में ही दोनों खेलों के खिलाड़ियों के डॉक्यूमेंट जमा किए जाएंगे।



रेवाड़ी। योग कला का प्रदर्शन करता खिलाड़ी तथा फेंसिंग में मुकाबला करते खिलाड़ी।

#### सभी खिलाड़ियों के ठहरने की उचित व्यवस्था



राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए सभी खिलाड़ियों के ठहरने की उचित व्यवस्था कर दी गई है। सभी खिलाड़ी 15 सितंबर को शाम 3 बजे तक राव तुलाराम स्टेडियम में डॉक्यूमेंट्स जमा करा सकते है। किसी भी खिलाड़ी को कोई भी समस्या आती है तो एईओ सुनील कुमार के मोबाइल नंबर-9416436871 पर संपर्क कर सकता है।

-भूपेन्द्र यादव, सहायक खेल अधिकारी।

#### शिक्षा विभाग ने इन स्कूलों में की ठहरने की व्यवस्था

दिल्ली रोड स्थित सूरज पब्लिक स्कूल में 40 खिलाड़ी झज्जर और दादरी, सिविल अस्पताल के निकट जैन बॉयज स्कूल में 40 खिलाड़ी सिरसा और कैथल, दिल्ली रोड स्थित डीपीएस स्कूल में 30 खिलाड़ी फरीदाबाद, जौनावास स्थित ऋषि स्कूल में 30 खिलाड़ी हिसार, महाराजा अग्रसेन स्कूल में 30 खिलाड़ी भिवानी, दिल्ली रोड स्थित माउंट हेरीटेज स्कूल में 30 खिलाड़ी कुरुक्षेत्र, दिल्ली रोड हांसाका स्थित श्री कृष्णा स्कूल में 30 खिलाड़ी रोहतक, दिल्ली रोड स्थित आरपीएस स्कूल में 60 खिलाड़ी जींद और सोनीपत, दिल्ली रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में 30 खिलाड़ी गुरुग्राम, दिल्ली रोड स्थित सतीश सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 30 खिलाड़ी फतेहाबाद, दिल्ली रोड स्थित सतीश सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 30 खिलाड़ी अंबाला, यूरो इंटरनेशनल स्कूल में 30 खिलाड़ी पंचकूला, स्टेडियम के पास ब्लिस स्कूल में 30 खिलाड़ी पानीपत, बिठवाना स्थित स्वरांजलि पब्लिक स्कूल रिजर्व, भाड़ावास गेट स्थित राजकीय बॉयज स्कूल में 30 खिलाड़ी करनाल, कंपनी बाग स्थित अनेजा पब्लिक स्कूल में 30 खिलाड़ी यमुनानगर, मसानी स्थित गुरुकुलम में 36 खिलाड़ी पलवल और नूंह, दिल्ली रोड मसानी स्थित जीएसएसएस रिजर्व, आदर्श नगर स्थित गोमती स्कूल में 30 खिलाड़ी महेंद्रगढ़ और गढ़ी बोलनी रोड स्थित आरपीएस इंटरनेशनल स्कूल में सभी पुरुष और महिला ऑफिशियल के ठहरने की व्यवस्था है। सभी स्कूलों में व्यवस्था की जिम्मेदारी जाटूसाना बीईओ अरविंद यादव और रेवाड़ी बीईओ राजेश वर्मा को दी गई है। होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल में 20 ऑफिशल, जैन पब्लिक स्कूल में 48 खिलाड़ी सिरसा और हिसार, सैनी पब्लिक स्कूल में 30 खिलाड़ी पानीपत, डॉन बॉस्को स्कूल में 30 खिलाड़ी फरीदाबाद, विश्वकर्मा स्कूल में 30 खिलाड़ी भिवानी, मॉडल टाउन स्थित हिंदू स्कूल में 36 खिलाड़ी दादरी और कैथल, विवेकानंद स्कूल राजीव नगर में 40 खिलाड़ी पंचकूला और हिसार, डीपीआईएस स्कूल सनसिटी में 30 खिलाड़ी रोहतक, जीडी गोयंका स्कूल सनसिटी में 30 खिलाड़ी यमुनानगर, श्री चैतन्य स्कूल में 30 खिलाड़ी कुरुक्षेत्र, जैन गर्ल्स स्कूल में 30 खिलाड़ी करनाल, शिशुशाला स्कूल मॉडल टाउन में 30 खिलाड़ी सोनीपत, कोनसीवास रोड स्थित राज इंटरनेशनल स्कूल में 30 खिलाड़ी गुरुग्राम, सैनी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में 30 खिलाड़ी जींद, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल में 50 खिलाड़ी महेंद्रगढ़ और झज्जर, मॉडल टाउन स्थित हिंदू स्कूल में 54 खिलाड़ी अंबाला, पलवल और नूंह के, स्वामी उमा भारती स्कूल में 30 खिलाड़ी फतेहाबाद, राजकीय स्कूल बिठवाना रिजर्व, यदुवंशी शिक्षा निकेतन ढोहकी पटौदी रोड में सभी पुरुष और महिला ऑफिशल की ठहरने की व्यवस्था की गई है। स्कूलों में व्यवस्था बनाने की जिम्मेदारी बीईओ खोल संतोष और बीईओ बावल राजबाला को दी गई है तथा नेतृत्व जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद्र यादव करेंगे।



रेवाड़ी। गुर्जर धर्मशाला में आयोजित बैठक में मौजूद कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### पांच साल से वेतन वृद्धि नहीं होने पर

# डीआईटीएस कर्मचारियों ने रोष प्रकट किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

- बैठक गुर्जर धर्मशाला में संघ के राज्य प्रधान विजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई
- स्टेट प्रधान विजय सिंह ने कहा कि रेवाड़ी से संबंधित समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाएंगें

हरियाणा कम्प्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ की बैठक रविवार को बड़ा तालाब स्थित गुर्जर धर्मशाला में संघ के राज्य प्रधान विजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर दादरी से भंवर सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में सर्वप्रथम वर्तमान जिला ईकाई को भंग करते हुए जिला संगठन का पुर्नगठन किया गया, जिसमें दया शंकर को जिला प्रधान, देवेन्द्र शर्मा को कार्यकारी जिला प्रधान, देवेन्द्र कुमार को कोषाध्यक्ष, सुभाष चन्द्र यादव को जिला सहमंत्री, हरीश आहूजा व कपिल शर्मा को सह कोषाध्यक्ष तथा राहुल भारद्वाज को सर्वसम्मति से मीडिया सचिव चुना गया। इस मौके पर जिला कमेटी की ओर से उपायुक्त कार्यालय के अधीन डीआईटीएस के अंतर्गत कार्यरत स्टाफ को अभी तक रोजगार सुरक्षा एक्ट का लाभ नहीं देने पर रोष प्रकट किया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि पिछले करीब 15-20 सालों से डीआईटीएस के अधीन कार्यरत 18 कर्मचारियों के वेतन में पिछले पांच साल से कोई वेतन वृद्धि नहीं की गई, जिससे कर्मचारियों में रोष है। स्टेट प्रधान विजय सिंह ने कहा कि स्टेट कमेटी की ओर से जिला रेवाड़ी से संबंधित समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाया जाएगा, जहां तक वेतन वृद्धि की बात है, तो सभी जिलों में डीआईटीएस कर्मचारियों का वेतन बढ़ाया गया है।

#### ये रहे उपस्थित

बैठक में दया शंकर, अजय कुमार, झम्मन सिंह, लोकेश, जितेन्द्र छावड़ी, जितेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, विपिन चन्द्र, हरीश आहूजा, सागर कौशिक, विपिन निम्बल, संदीप कुमार, नितेश लखेरा, पंकज व नितिन सहित अनेक डीआईटीएस कर्मचारी मौजूद थे।

### कोसली की लोक अदालत में आपसी सहमति से 58 मामलों का हुआ निपटारा



कोसली। कोसली की सिविल जज जूनियर डिवीजन कुमारी निशा की अध्यक्षता में न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें रखे गए 881 मामलों में आपसी समझौता के आधार पर 58 मामलों का निपटारा किया गया। लोक अदालत में दीवानी, फौजदारी, पारिवारिक, बैंक, बीमा व एमवीए एक्ट से संबंधित मामले रखे गए। सिविल जज जूनियर डिवीजन कुमारी निशा ने दोनों पक्षों की सहमति से 58 मामलों का समाधान किया। इन मामलों में एक लाख 79 हजार 900 रुपए की राशि समझौता व जुर्माना के तौर पर घोषित की गई। इस अवसर पर सिविल जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई होने के बाद आपसी सहमति से मुकदमे का निराकरण किया जाता है। इसमें किसी एक पक्ष की हार या जीत नहीं होती। लोक अदालत में हुए फैसले की कोई अपील भी नहीं होती है। इस अवसर पर अधिवक्ता मनोज कुमार हरिताश, ईश्वर सिंह, विक्रम सिंह, रीडर नरेंद्र कुमार व दिव्या जांगड़ा मौजूद थे।

## प्रधानमंत्री मोदी बचपन से ही स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रभावित रहेः डा. पोपली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी



हमारा परिवार संस्था की ओर से रविवार को प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पंजाबी धर्मशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली, आईएमए के सचिव डा. मनीष तनेजा व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि पीएम मोदी का प्रारंभिक जीवन संघर्षमय रहा। प्रधानमंत्री बचपन से ही स्वामी विवेकानंद के जीवन से बहुत प्रभावित रहे। स्वामी विवेकानंद के वाक्य उठो जागो तब तक मत रुको, जब तक तुम्हें सफलता न मिल जाए को अपने जीवन में चरितार्थ किया। नरेन्द्र मोदी लगातार तीन बार गुजरात के मुख्यमंत्री व लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बने। संस्था के प्रधान अरुण गुप्ता, उप प्रधान हेमंत ग्रोवर, कुलदीप सोनी व शिक्षाविद डा. बलबीर अग्रवाल ने कहा कि आतंकवादियों ने पुलवामा में देश के 29 निर्दोष नागरिकों को मारा। उसका बदला मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत पाकिस्तान के अंदर उनके आतंकवादियों व उनके ठिकानों को तहस-नहस करके लिया।

## पाक के साथ नहीं होना चाहिए था क्रिकेट मैचः सैलजा

निरंतर दोहरी नीति पर चलती रही है भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी






रेवाड़ी। कांग्रेस कार्यालय के उद्घाटन समारोह में मंचासीन कुमारी शैलजा व अन्य नेता तथा रविदास हॉस्टल में आयोजित कांग्रेस के समारोह में मौजूद कार्यकर्ता।

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा हमेशा दोहरी नीति अपनाकर राजनीति करती रही है। कांग्रेस के शासनकाल में पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेलने पर रोक की मांग लगाती थी। अब पहलगाम हमले में शहीद हुए जवानों के परिजनों के विरोध के बावजूद पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच कराए जा रहे हैं। बीसीसीआई को गृहमंत्री के साहबजादे चला रहे हैं, जिस कारण पहलगाम हमले के बाद तनाव के बाद भी क्रिकेट मैच कराने को स्वीकृति दी गई। शहरी जिलाध्यक्ष के कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कुमारी सैलजा पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। इस मौके पर शहरी जिलाध्यक्ष प्रवीन चौधरी को शपथ भी दिलाई गई। भाजपा सरकार लोकतंत्र का कुचलने पर आमादा है। राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप उन दस्तावेजों पर आधारित हैं, जो चुनाव आयोग की ओर से जारी किए गए हैं। आने वाले समय में यह मामला पूरी तरह साफ हो जाएगा। देश की जनता को लोकतंत्र बचाने के लिए जागरूक होकर आगे आने की जरूरत है। लोगों की जागरूकता से ही वोट चोरी के मामले का आने वाले समय में पर्दाफाश हो जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा को संसद चलाने में भी कोई दिलचस्पी नहीं है। संसद में विपक्षी सांसदों की आवाज दबाई जाती है, जो लोकतंत्र के लिए खतरा है। यह सरकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की आवाज को भी दबाना चाहती है। मीडियाकर्मियों पर केस दर्ज कराए जा रहे हैं, जो लोकतंत्र के लिए सबसे खतरनाक है। भाजपा की देश व प्रदेश दोनों सरकारों ने जनता के साथ छल करने का कार्य किया है। देश और प्रदेश की जनता 11 साल के कार्यकाल को अच्छी तरह समझ चुकी है। आने वाले समय में जनता भाजपा को सबक जरूर सिखाएगी।

**संघ ने नहीं लगाया राष्ट्रीय ध्वज**

एक सवाल के जवाब में कांग्रेसी नेत्री ने कहा कि भाजपा धर्मनिरपेक्षता के नाम पर देश की जनता को बरगलाने का कार्य कर रही है। पार्टी के प्रमुख सहयोगी संगठन आरएसएस ने अपने कार्यालय पर कभी भी राष्टीय ध्वज नहीं लगाया। यह पार्टी चुनावों के समय देश में धर्म के नाम पर लोगों को गुमराह करने का काम करती है, जबकि कांग्रेस पार्टी सभी धर्मों को साथ लेकर चलती है। इस मौके पर पूर्व मंत्री डा. एमएल रंगा, पूर्व विधायक चिरंजीव राव, नीलम भगवाड़िया, भरतसिंह हरचंदपुर व कई अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद थे।




रेवाड़ी। हिंदी दिवस पर शिक्षकों को सम्मानित करती प्राचार्या।

### राठ इंटरनेशनल स्कूल में मनाया हिंदी दिवस

कुंड। राठ इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन बलवान सिंह यादव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। उन्होंने कहा कि मातृभाषा हिंदी हमारी संस्कृति और पहचान का अभिन्न अंग है। अकादमिक डीन प्रियंका यादव ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हिंदी भाषा हमें आत्मगौरव और आत्मविश्वास देती है, अतः हमें इसे गर्व से अपनाना चाहिए। प्राचार्या मंजू यादव ने छात्रों को ज्यादा से ज्यादा हिंदी के प्रयोग के लिए प्रेरित किया और सभी हिंदी शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन हेडमिस्ट्रेस शिप्रा, कोऑर्डिनेटर आशा यादव, निशा यादव और ज्योति यादव ने किया। इस मौके पर स्कूल के सभी अध्यापक मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### यादव कल्याण सभा के निःशुल्क कैंप में 162 ने करवाई स्वास्थ्य जांच



रेवाड़ी। कैंप में मरीजों की जांच करते हुए डा. कंचन यादव। फोटो :हरिभूमि

रेवाड़ी। यादव कल्याण सभा की ओर से रविवार को गढ़ी बोलनी रोड स्थित श्री कृष्ण भवन में फ्री चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कैंप में 162 मरीजों की स्वास्थ्य जांच करके फ्री दवाईयां भी प्रदान की गई। शिविर में डा. एच आर यादव ने मेडिसन, डा. प्रशांत यादव ने हड्डीरोग, डा. सुनील यादव ने सर्जरी, डा. सुमन यादव ने स्त्रीरोग, डा. योगेन्द्र यादव ने चर्मरोग, डा. कंचन यादव ने नेत्ररोग व डा. मनीष यादव ने ईएनटी के रोगियों को ओपीडी सेवाएं प्रदान की। कैंप में सीनियर लेफ्टिनेंट पूर्ण सिंह यादव ने भी फ्री फिजियोथेरेपी सेवाएं प्रदान की। इस मौके पर यादव सभा से डा. यशपाल यादव, जसवंत सिंह, अमर सिंह, रामसिंह, शशिभूषण, प्रो. सतीश यादव व सुरेंद्र सिंह मौजूद थे।

**राजनीति** पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव भी नहीं पहुंचे कार्यक्रम में

# सैलजा के कार्यक्रम से हुड्डा समर्थकों का किनारा एक बार फिर उजागर हो गई पार्टी की फूट

- सैलजा के कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष के दामाद बने चर्चा में

नरेन्द्र वत्स ⏭ रेवाड़ी




रेवाड़ी। शैलजा के कार्यक्रम में मंच पर बैठे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान के दामाद सुधीर चौधरी। फोटो : हरिभूमि

संगठन सृजन की दिशा में कदम बढ़ाए जाने के बावजूद कांग्रेस में गुटबाजी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। रविवार को सिरसा को पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा के आगमन पर हुड्डा खेमे से जुड़े नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दूरी बनाए रखी। बाद में कुमारी सैलजा ने दावा किया संगठन सृजन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पार्टी की गुटबाजी पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

जिले में ग्रामीण और शहरी प्रधान बनाए जाने के बाद जिला स्तर पर पार्टी में गुटबाजी कम होने की बजाय बढ़ गई है। पहले ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुभाष छावड़ी ने अपने कार्यालय का उद्घाटन रोहतक के सांसद दीपेंद्र हुड्डा से कराया था। इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष बनाते समय पार्टी के कर्मठ और दरी बिछाने वाले कार्यकर्ताओं की अनदेखी के आरोप लगाने वाले गुट ने खुद को अलग रखा था।

सुभाष छावड़ी को पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव का करीबी माना जाता है, परंतु उनके कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर खुद कैप्टन नजर नहीं आए। उनके बेटे चिरंजीव जरूर दीपेंद्र के साथ मौजूद रहे थे। रविवार को शहरी जिलाध्यक्ष ने अपने कार्यालय का शुभारंभ पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कुमारी सैलजा से कराया, तो इस कार्यक्रम में भी वरिष्ठ नेता कैप्टन अजय सिंह ने शिरकत नहीं है। यहां भी उनकी जगह बेटे चिरंजीव ने उपस्थिति दर्ज कराई।

जिलाध्यक्षों की नियुक्ति में वरिष्ठ नेताओं के चहेतों को स्थान दिए जाने के आरोपों के साथ विरोध जताने वाले महेंद्र छाबड़ा व दूसरे नेताओं ने भी सैलजा के कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। एक कार्यक्रम में दीपेंद्र और दूसरे में कुमारी सैलजा को बुलाकर दोनों जिलाध्यक्षों ने ही पार्टी की फूट को हवा देने का काम कर दिया है। ऐसा माना जा रहा है कि शहरी जिलाध्यक्ष की नियुक्ति में कुमारी सैलजा का ही बड़ा रोल रहा है, जिस कारण हुड्डा खेमें ने उनके कार्यक्रम में शामिल होना जरूरी नहीं समझा।

#### उदयभान के दामाद ने पहुंचकर चौंकाया

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष चौ. उदयभान को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा का खास माना जाता है। सैलजा के कार्यक्रम में उनके दामाद सुधीर चौधरी ने शिरकत करते हुए नई चर्चाओं को जन्म देने का काम कर दिया। सुधीर चौधरी विधानसभा चुनावों में टिकट के प्रबल दावेदार थे, परंतु उन्हें टिकट नहीं मिल पाई थी। इसके बाद उन्होंने गुरूग्राम जिलाध्यक्ष पद के लिए भी आवेदन किया था, जिस पर पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने विचार नहीं किया। अब सैलजा के कार्यक्रम में उनकी उपस्थिति ने नई चर्चाओं को जन्म देना शुरू कर दिया है।

#### सैलजा ने स्वीकारी गुटबाजी की बात

पत्रकारों से बातचीत करते हुए कुमारी सैलजा ने पार्टी की गुटबाजी को स्वीकार करते हुए कहा कि लंबे तक संगठन के अभाव में गुटबाजी बढ़ी। अब संगठन सृजन का कार्य चल रहा है। संगठन बनने के बाद गुटबाजी भी पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। दूसरी ओर जिलाध्यक्षों की नियुक्ति के बाद विरोध जता रहे महेंद्र छाबड़ा और दूसरे कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि जब तक पार्टी राहुल गांधी की नीति के अनुसार संगठन में जमीन से जुड़े कार्यकर्ताओं को शामिल नहीं करेगी, तब तक वह सीनियर नेताओं के कार्यक्रमों से दूरी बनाए रखेंगे।